# विषय : सामाजिक विज्ञान  Set-B

**निर्देश:**—सभी प्रश्न हल कीजिए।

1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(i) औद्योगिक क्रांति शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था?
(A) ऐंजिल्स (B) ब्लैंकुई
(C) कार्ल मार्क्स (D) रॉबर्ट ओवन

(ii) गीतांजलि के लिए नोबल पुरस्कार किसने प्राप्त किया था?
(A) विवेकानंद (B) तानसेन
(C) रविन्द्रनाथ टैगोर (D) महात्मा गांधी

(iii) मुस्लिम महिला अधिनियम कब लागू किया गया था?
(A) सन् 1985 (B) सन् 1986
(C) सन् 1988 (D) सन् 1990

(iv) मूल्य वृद्धि नियंत्रित करने का उपाय है :
(A) राशनिंग (B) ब्याज दर में कमी
(C) उत्पादन में वृद्धि (D) उपर्युक्त सभी

(v) सन् 2011 में भारत की जनसंख्या है :
(A) 121.8 करोड़ (B) 128.1 करोड़
(C) 122.8 करोड़ (D) 120.8 करोड़

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(i) संयुक्त राष्ट्र संघ के सचिवालय का सर्वोच्च पदाधिकारी ········ कहलाता है।
(ii) शारीरिक या मानसिक रूप से असक्षम व्यक्ति ········ कहलाते हैं।
(iii) रोजगार गारंटी योजना में ········ दिनों का रोजगार दिया जाता है।
(iv) जनसंख्या वृद्धि को रोकने वाला कार्यक्रम ········ कहा जाता है।
(v) ········ को आधारभूत उद्योग कहा जाता है।

**निर्देश:** प्रश्न क्रमांक **2** से **9** तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर **2** अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा **30** शब्द है।

2. खुले दरवाजे की नीति से आप क्या समझते हैं?
3. अफ्रीका में वर्ष 1960 को अफ्रीकी वर्ष क्यों कहा जाता है?
4. गुप्त काल के **चार** साहित्यकारों के नाम लिखिए।
5. छत्तीसगढ़ में कितने तरह के विवाह प्रचलित हैं?
6. लोकसभा के **दो** विशेषाधिकार लिखिए।
7. श्रम कल्याण के **दो** उपाय लिखिए।
8. उपभोक्ता की बचत की धारणा को सर्वप्रथम किसने प्रस्तुत किया?
9. प्रादेशिक श्रम-विभाजन क्या है?

**निर्देश:** प्रश्न क्रमांक **10** से **15** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर **3** अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा **50** शब्द है।

10. शीत युद्ध में सोवियत संघ की क्या भूमिका थी?
11. छत्तीसगढ़ के मूर्तिकाल का वर्णन कीजिए।
12. संसद के वित्तीय अधिकार लिखिए।
13. उपभोक्ता की बचत की माप का सूत्र उपयोगिता के आधार पर लिखिए
14. जनसंख्या वृद्धि की कोई **तीन** समस्याएँ लिखिए।
15. श्रम विभाजन से उत्पादकों को क्या हानियाँ होती हैं?

**निर्देश:** प्रश्न क्रमांक **16** से **21** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर **4** अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा **75** शब्द है।

16. भारत में बेरोजगारी की समस्या के किन्हीं **चार** कारणों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

भारत में मूल्य वृद्धि के **चार** प्रभाव लिखिए।

17. स्त्रियों की स्थिति में सुधार के कोई **चार** उपाय लिखिए।

**अथवा**

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को संक्षिप्त में समझाइये।

18. भारत में वनों के विनाश के क्या कारण हैं?

**अथवा**

मृदा अपरदन क्या है? इसके **तीन** कारण लिखिए।

19. उद्योगों से होने वाले **चार** प्रदूषणों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

भारत में वस्त्रोद्योग का वितरण लिखिए।

20. फासीवाद की **चार** विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

नाजीवाद के उदय में वर्साय की संधि किस प्रकार सहायक हुई?

21. गुटनिरपेक्षता की नीति के **चार** प्रमुख तत्वों को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

भारत में राष्ट्रीय आन्दोलन की सफलता के **चार** कारण लिखिए।

**निर्देश:** प्रश्न क्रमांक **22** से **25** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर **5** अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा **100** शब्द है।

22. खनिज संसाधनों का आर्थिक महत्व क्या है?

**अथवा**

मुम्बई हाई का महत्व लिखिए।

23. भारत के मानचित्र में निम्नांकित को प्रदर्शित कीजिए—
(i) दिल्ली-चेन्नई रेलमार्ग (ii) भाखरा नांगल बाँध
(iii) बिलासपुर (iv) कर्क रेखा
(v) थार का मरुस्थल

**अथवा**

(i) अरब सागर (ii) जम्मू
(iii) लौह उत्पादक क्षेत्र (iv) रायपुर
(v) दिल्ली-कोलकाता रेलमार्ग

24. साम्राज्यवाद के **पाँच** सकारात्मक प्रभावों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

साम्राज्यवाद के **पाँच** नकारात्मक प्रभावों का वर्णन कीजिए।

25. केन्द्रीय मंत्रिमंडल पर लोकसभा किस प्रकार नियंत्रण करती है? समझाइए।

**अथवा**

जिले के दीवानी न्यायालय के क्षेत्राधिकार लिखिए।

**निर्देश:** प्रश्न क्रमांक **26** एवं **27** में दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर **6** अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा **150** शब्द है।

26. भारत की मिट्टियाँ कितने प्रकार की हैं? वर्णन कीजिए।

**अथवा**

भारत की प्रमुख **छः** व्यापारिक फसलों के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए।

27. ितीय विश्व युद्ध के **छः** कारणों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

ीय विश्व युद्ध के **छः** परिणामों पर प्रकाश डालिए।